रयत शिक्षण संस्था का,

राजर्षि छत्रपति शाहु कॉलेज, कोल्हापुर

हिंदी विभाग

"Employment opportunities in Defence Services (रक्षा क्षेत्र में रोजगार के अवसर) "

इस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला

अहवाल (2021-22)

महाविद्यालय का हिंदी विभाग एवं एन.सी.सी. विभाग के संयुक्त तत्वावधान में शिवाजी विश्वविद्यालय अग्रणी महाविद्यालय अंतर्गत (डी.आर.के.कॉलेज क्लस्टर, कोल्हापुर) अध्यापक एवं छात्रों के लिए आयोजित Employment opportunities in Defence Services (रक्षा क्षेत्र में रोजगार के अवसर) इस विषय पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन 05 जनवरी, 2022 को किया गया |

महाराष्ट्र की थोर समाजसेविका सिंधुताई सकपाळ जी को श्रद्धांजली अर्पित कर समारोह का प्रारंभ किया गया | इसका उदघाटन समारोह मेजर संजय चौधरी जी और महाविद्यालय के प्र-प्रधानाचार्य मेजर प्रो.डॉ.आर.एस. डुबल जी के करकमलों से कर्मवीर भाऊराव पाटील एवं राजर्षि छत्रपति शाहू महाराज जी की प्रतिमा को पुष्प अर्पित कर हुई। साथ ही प्रथम सत्र आरंभ किया गया।

प्रथम सत्र में मेजर चौधरी जी ने रक्षा क्षेत्र के अंतर्गत भर्ती की प्रक्रिया , पात्रता और देश प्रेम के लिए तैयार रहने की आवश्यकता व्यक्त की। अध्यक्षीय मंतव्य में मेजर प्रो.डॉ.डूबल जी ने छात्रों को आत्मविश्वास के साथ डटकर खडे रहने की प्रेरणा दी। अग्रणी महाविद्यालय समिति के समन्वयक डॉ.एम.डी कदम जी ने कार्यशाला आयोजन का महत्व विशद किया।

दूसरे सत्र के अंतर्गत सुभेदार विक्रम घाटगे जी ने सैनिक टुकड़ी में ड्रिल का महत्व समझाकर प्रत्यक्ष रूप में संचलन किया। तीसरे सत्र में मेजर प्रो.डॉ. आर.एस. डूबल जी ने सामाजिक जीवन में अनुशासन की आवश्यकता, देश प्रेम की भावना के साथ रक्षा क्षेत्र के रोजगार के अवसर के लिए कड़ी मेहनत की आवश्यकता को अधोरेखित किया । हिंदी विभाग अध्यक्ष और एन.सी.सी. के प्रमुख डॉ.आर.सी पाटील जी ने प्रस्तुत समारोह का प्रास्ताविक और आभार ज्ञापन किया।

Outcomes

- रक्षा क्षेत्र की भर्ती की प्रक्रिया तथा पात्रता से छात्रो को अवगत कराना ।
- सामाजिक जीवन में अनुशासन की आवश्यकता को रेखांकित किया ।
- देश प्रेम की भावना के साथ रक्षा क्षेत्र के रोजगार के अवसरो से अवगत कराना ।

Beneficiaries

70





अध्यक्ष
हिंदी विभाग

RAJARSHI CHHATRAPATI SHAHU COLLEGE ★ KOLHAPUR

प्रधानाचार्य
राजर्षि छत्रपति शाहु कॉलेज, कोल्हापुर